तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 4 अक्टूबर 2025



12 सरदार पटेल मैदान में 35 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन





11 शताब्दी वर्ष पर स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन







### हादसा : भिड़ंत के बाद एक बाइक पेड़ से टकराई, युवक की मौके पर मौत

# दो बाइक में भिड़ंत, एक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में सामने से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने दो दोस्तों की बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चला रहे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा दूसरा युवक घायल हो गया।

घायल युवक ने इलाज के बाद टक्कर मारने वाले मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 184 एलकेएस, 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सिवनी निवासी गगन सिंह कुंजाम ने पुलिस को



बताया कि वह अपने दोस्त गजानंद ढीमर के साथ मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 24 डब्लू 1043 पर रानी माई मंदिर दर्शन के लिए गए थे। दर्शन कर दोपहर करीब 1 बजे वे अपने गांव सिवनी लौट रहे थे। मोटरसाइकिल गजानंद ढीमर चला रहा था और गगन सिंह कुंजाम पीछे बैठा थे।

शाम करीब 3.40 बजे ग्राम नारागांव से तालगांव के बीच मेन रोड पर, सामने से विपरीत दिशा में आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 24 टी 0110 के चालक ने अपनी बाइक को खतरनाक ढंग से, तेजी और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। इस जोरदार टक्कर के कारण गजानंद ढीमर की मोटरसाइकिल सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे गजानंद ढीमर की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

### घाय को राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल

गगन सिंह कुंजाम को सिर के पीछे, बाएं कंधे, बाएं हाथ की उंगली और पंजे, बाएं पैर के घुटने, पैर की दो उंगलियों और कमर के बाएं भाग में गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की मदद से 108 एम्बुलेंस के माध्यम से घायल गगन सिंह और मृतक गजानंद को इलाज के लिए जिला अस्पताल बालोद लाया गया। अस्पताल में गगन सिंह ने अपने गांव के गुलशन दास और कमलेश सहारे को घटना की जानकारी दी। जिला अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद, गगन सिंह कुंजाम ने गुलशन दास के साथ मिलकर थाना पहुंचकर दुर्घटना की विस्तृत रिपोर्ट दर्ज कराई।

# पुलिस कर्मचारी परिवार कल्याण संघ का महासम्मेलन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संयुक्त पुलिस कर्मचारी एवं परिवार कल्याण संघ का महासम्मेलन 5 अक्टूबर दुर्ग में होगा, जिसमें जिले के पुलिस व पुलिस परिवार सम्मिलित होंगे।

संयुक्त पुलिस कर्मचारी एवं परिवार कल्याण संघ के अध्यक्ष उज्जवल दीवान ने बताया कि 5 अक्टूबर को संगठन का प्रथम महासम्मेलन विवेकानंद भवन, केंद्रीय जेल के पास दुर्ग में रखा गया है, जिसमे पूरे प्रदेश के पुलिस कर्मचारियों के परिजनों के साथ सशस्त्र बल, डीएसएफ, सहायक आरक्षक, नगरसेना और जेल विभाग के कर्मचारियों के परिजन

- **प्रदेश के पुलिस कर्मचारियों के परिजन, सशस्त्र बल, डीएसएफ, सहायक आरक्षक, नगरसेना के परिजन भी शामिल होंगे**

सम्मिलित होंगे जिनकी संख्या लगभग 30, 000 तक होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में पहली बार हो रहे पुलिस परिवार के सम्मेलन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव सहित समस्त मंत्रियों, विधानसभा अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विपक्ष से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित बहुत ने नेताओं, पुलिस विभाग के सभी अधिकारियों व पत्रकारों को कार्यक्रम में आमंत्रित करने की तैयारी की जा रही है जिस से अनुमान लगाया जा सकता है कि अब पुलिस परिवार अपने अध्यक्ष उज्जवल दीवान की अगुवाई में एक अलग ▶▶| शेष पेज 10 पर


BMC

बी.एम. कॉलेज

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध

विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम

B.Ed.

कॉलेज कोड-114336

ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25

गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग

Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065

Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स

प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट

लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116


# शराब बिक्री का विरोध करने पर युवक की पिटाई, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय से मात्र 10 किलोमीटर दूर ग्राम मालीघोरी में अवैध शराब बेचने वाले युवकों का हौसला इतना बुलंद है कि उन्होंने शराब बिक्री का विरोध करने वाले एक स्थानीय व्यक्ति और उसके साथी की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित व्यक्ति की रिपोर्ट पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

मालीघोरी निवासी भोपेन्द्र कुमार देशमुख ने पुलिस को बताया कि 2 अक्टूबर की रात करीब 7 बजे वह गोदली नहर की ओर से अपनी मोटरसाइकिल से घर वापस आ रहे थे। गांव में पॉलीटेक्निक कॉलेज के सामने, खिलेश गौतम का साथी कालू राम उर्फ राहुल अवैध रूप से और अधिक दामों पर शराब बेच रहा था। भोपेन्द्र देशमुख ने जब उसे अवैध ▶▶| शेष पेज 10 पर

### बीच-बचाव करने आए साथी को भी पीटा

जब डोमेन्द्र कुमार धनकर बीच-बचाव करने आए, तो कालू राम और खिलेश गौतम के अन्य साथियों ने उन्हें भी नहीं छोड़ा और उनके साथ भी मारपीट की। इस मारपीट में भोपेन्द्र कुमार देशमुख को दाहिने आंख के नीचे, गला और दाहिने पैर के घुटने में चोट आई है, जबकि डोमेन्द्र कुमार धनकर के पीठ और दाहिने हाथ की कोहनी में चोट लगी है। पीड़ित भोपेन्द्र देशमुख की रिपोर्ट पर, पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।


AGRASEN COLLEGE

Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India

Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg

B.ED. COURSE

COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316

सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर

द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यथी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)

Mob. 90982 11113








## खबर संक्षेप



### पावरहाउस वाहन स्टैंड में जबरिया वसूली

**भिलाई।** भिलाई नगर स्टेशन में मुसाफिरों के परिजनों से दोपहिया के लिए जबरिया वसूली की जा रही है। परिजनों को स्टेशन छोड़ने आने वाले घरवाले स्टैंड के बाहर सड़क किनारे अपनी गाड़ियां खड़ी करते हैं तो वाहन स्टैंड वाले जबरिया पर्ची लगाकर दस रुपए वसूल रहे हैं। मुसाफिरों ने बताया कि हमारे दोपहिया घसीटकर स्टैंड में लगा दे रहे हैं। 5, 10 मिनट के लिए दस रुपए चार्ज करना गलत है। रेलवे पुलिस जवान भी दबंग स्टैंडवाले का साथ दे रहे हैं। इसकी शिकायत स्टेशन प्रबंधक से करने पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### से-7 तिराहे में जानलेवा गड्ढों से बढ़ी दुर्घटनाएं

**भिलाई ।** सेक्टर 7 ई मार्केट के पीछे क्रास स्ट्रीट जर्जर होने से दुर्घटनाजन्य स्थल बनकर रह गया है। सड़क 11 ई मार्केट तिराहे पर सड़क पर गड्ढे हैं कि गड्ढे में सड़क वाहनचालकों को पता ही नहीं चलता। बीच सड़क पर तीन चार बड़े,गहरे व चौड़े गड्ठों के कारण आए दिन दोपहिया की छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही हैं। गुरुवार को इस व्यस्ततम मार्ग पर दूध बेचने वाला दोपहिया चालक मोड़ पर आर रहे तीन सायकल सवार बच्चों से टकरा गया जिससे दो बच्चे चोटिल हो गए। दो दिन पूर्व भी मोटरसायल सवार स्लिप होने से सर फट गया था। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई बार बीएसपी से शिकायत करने के बाद भी गड्ढों की मरम्मत नहीं किया जाना बड़े हादसे को दावत देना जैसा है।

### देवी सेवा गीत के साथ माता का हुआ विसर्जन

**निकुम।** अंचल में नवरात्रि पर पर्व पूरे नौ दिनों तक भक्तिमय रहा। वही महाअष्टमी पर हवन कर नौ कन्या भोजन कराकर सभी की खुशहाली और मंगल कामना की गई। वही पारंपरिक ढंग से देवी सेवा गीत की धुन पर महा आरती कर विसर्जन किया गया। पूरे निकुम सहित अंचल में विसर्जन किया गया।

### पेंशन के सत्यापन के लिए प्रशिक्षण दिया गया

**भिलाई।** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना के हितग्राहियों का सत्यापन करने निगम सभागार मे प्रशिक्षण के लिए बैठक आयोजित की गई। सरकार द्वारा मैन्यूअली पद्धति मे बदलाव कर ऑनलाइन मोबाइल एप चालू किया गया है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने हितग्राहियों का सत्यापन करने जोन के कर्मचारियों के ड्यूटी आदेश जारी किये है। पेंशन हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन हेतु मोबाइल एप बिनिफिशियल सत्यापन एप (लाभार्थी सत्यापन एप) तैयार किया गया है। इस एप के माध्यम से हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन किया जाना है। लाभार्थी सत्यापन एप का प्रशिक्षण तकनीकी सहायक अशोक कश्यप के नेतृत्व मे कंप्यूटर ऑपरेटर अंजू साहू द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण मे सभी पांचों जोन के कर्मचारियों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से एप के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई।







## फूलझर में हुआ रावण पुतले का दहन

बालोद। ग्राम फूलझर में नवमी पर रावण दहन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण सम्मिलित हुए तथा रावण दहन के साथ आतिशबाजी का आनंद लिया। ग्राम में भगवान राम, लक्ष्मण व रामजी की पूरी सेना के साथ रावण वध के लिए टोली निकली, जो ग्राम भ्रमण करते हुए रावण के पुतले के पास पहुंची, जहां भगवान राम, लक्ष्मण, हनुमान व रामजी की सेना की वेशभूषा पहने लोग रावण व उनकी सेना से भीड़ गई। रावण पुतले का दहन के दौरान आतिशबाजी पेश की गई, जिसे देखने आस पास के ग्राम के लोग उपस्थित थे।

जयंती

### गांधी के स्वदेशी विचारों का दिया गया प्रस्तुतिकरण

# ब्लॉक मनरेगा मेंट संघ ने मनायी गांधी जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक मनरेगा मेंट संघ डौंडीलोहारा के तत्वावधान में ग्राम पंचायत चेंद्रीबन नवागांव में महात्मा गांधी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि ईश्वर ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत चेंद्रीबन नवागांव,अध्यक्षता विष्णु कोठारी अध्यक्ष मेंट संघ डौंडीलोहारा, विशेष अतिथि के रूप में खिलावन साहू अध्यक्ष जिला मेंट संघ, प्रीतम साहू सचिव जिला मेंट संघ, दीपक भाई मानकर उपसरपंच, सहारे सरपंच रानीतराई, मोहनीश कुमार मानिकपुरी सचिव ग्राम पंचायत चेंद्रीबन नवागांव, नरेंद्र शांडिल्य ग्राम प्रमुख, दुलारी बाई पंच, गोकुल राम साहू, देवेंद्र हिरवानी कंप्यूटर ऑपरेटर, शिवकुमार पटेल, लखन लाल साहू, अनिल कुमार, अनीता सोनबोईर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी की पूजा अर्चना कर की गई तत्पश्चात स्वागत सत्कार का कार्यक्रम चला।

अतिथि उद्बोधन में सहारे ने कहा कि पंचायत कार्य जैसे मनरेगा में सबको सामंजस्य बनाकर चलना व किसी मेंट साथियों को किसी प्रकार की अनैतिक गलती नहीं करने पर अपना विचार दिया। प्रीतम साहू ने अपने उद्बोधन में गांधी के स्वदेशी विचारों पर प्रकाश डालते हुए वोकल फार लोकल को परिभाषित करते हुए सभी को स्थानीय व स्वदेशी सामान खरीदने पर जोर दिया। अभी आगामी दिपावली पर मिट्टी के दिए अधिक से अधिक खरीद कर उनको भी दीपावली मनाने में सहयोग करने कहा ।खिलावन साहू ने कहा कि आज संघ के माध्यम से बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान हो रहा है जैसे मेंट भर्ती पर रोक लगाना, वाउचर भुगतान करना, मोबाइल मॉनिटरिंग के लिए डाटा भुगतान,मेंट पंजीयन, व पहचान पत्र की सुविधा। सरपंच ईश्वर ठाकुर ने कहा कि हमारे ग्राम पंचायत में गांधी जयंती बड़े धूमधाम से मनाया जिसमें मेंट साथियों का भरपूर सहयोग मिला मैं अपने पंचायत में मेंट साथियों को हमेशा साथ में लेकर चलता हूं, मेंट भी भरपूर सहयोग करते हैं, मैं गांधी जयंती पर सभी को शुभकामनाएं देता हूं। उद्बोधन पश्चात सभी अतिथियों को प्रशस्ति पत्र व श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा वरिष्ठ मेंट साथियों को प्रशस्ति पत्र व श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री कीर्तन देवांगन जी प्रदेश संचालक मेंट संघ छग ने की। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन कविता चतुर्वेदी उपाध्यक्ष मेंट संघ ने की। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में मेंट साथी उपस्थित हुए। सभी मेंट साथियों को कार्यक्रम सफल बनाने में सहयोग प्रदान के लिए धन्यवाद प्रेषित किया गया।





### दुर्गा विसर्जन से पहले हुआ भंडारे का आयोजन



**दल्लीराजहरा।** नवरात्रि पर शहर के विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों एवं पंडालों में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। गांधी चौक, नेहरू नगर, बस स्टैंड, इंदिरा चौक सहित अन्य स्थानों पर धार्मिक वातावरण में भक्तिभाव से भरे कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ भंडारे स्थलों पर उमड़ पड़ी। माता दुर्गा की आरती, भजन-कीर्तन और शंखनाद के बीच प्रसाद वितरण का क्रम चलता रहा। भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी, खीर व हलवा जैसे पारंपरिक प्रसाद वितरित किए गए। जगह-जगह सेवा समिति और युवा मंडल के सदस्य प्रसाद वितरण में जुटे रहे। इस दौरान 'जय माता दी' और 'बोलो दुर्गा माता की जय' के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा।

### दुर्गा पंडालों में हुआ नौ कन्या भोज



**दल्लीराजहरा।** नवरात्रि शहर दुर्गा पंडालों में माता रानी का हवन-पूजन के बाद नौ कन्या भोज का आयोजन हुआ। जिसमें बालिकाओं का पूजन कर उन्हें माता का स्वरूप मानकर भोजन कराया गया। कन्याओं के चरण धोकर उन्हें उपहार व दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य भक्तों ने पाया। वहीं, देवी प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर शहर में उल्लास का अलग ही नजारा देखने को मिलेगा। इस बार विसर्जन यात्रा दो दिनों तक चलेगी, जिसमें ढोल-नगाड़ों, डीजे की भक्ति धुनों और माता के जयकारों के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते हुए मां दुर्गा को विदाई देंगे। विसर्जन के दौरान जगह-जगह भक्तों के लिए प्रसाद और भंडारे की व्यवस्था भी की गई है।

## लघु अनुष्ठान से क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का हुआ संचार

### गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में तीन कुंडीय महायज्ञ का समापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मोहरा स्थित हीरक मंडल, गायत्री प्रज्ञा पीठ में शारदीय नवरात्रि पर आयोजित सामूहिक लघु अनुष्ठान का समापन 1 अक्टूबर को तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ किया गया। इस यज्ञीय आयोजन से पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।

यह विशेष कार्यक्रम अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में परम वंदनीया माता जी के जन्म शताब्दी और अखंड दीप के 100 वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। अनुष्ठान की शुरुआत 22 सितंबर को हुई थी, जिसमें 21 साधकों ने भाग लिया। साधकों ने प्रतिदिन 30 माला गायत्री मंत्र जप के साथ-साथ सुबह 5 बजे से ध्यान साधना, जप, आरती और शाम 6 बजे से नादयोग, आरती, चालीसा और गुरुदेव के संदेश में सहभागिता की। डॉ. गोपाल साहू, वरुण कुमार साहू, और पुनेश्वर निर्मलकर द्वारा यज्ञ का सांगितमय संचालन किया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान के रूप में भूषण लाल सार्वा, जामुन सार्वा, भूपेश साहू, प्रमिला साहू, दानवीर नायक और नीरा नायक सपत्निक शामिल हुए। इनके अलावा, बड़ी संख्या में साधकों और गणमान्य नागरिकों ने यज्ञ में आहुतिया दीं। माताजी भगवती भोजनालय का कार्यभार डॉ. हरि कृष्ण गंजीर और संतोष साहू ने संभाला।





# दादा गुरुदेव की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होगा मंत्रिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

श्री पाटेश्वरधाम के संत श्रीराम बालक दास के दादा गुरु महामंडलेश्वर रामकृष्ण दास महात्यागी के साकेत गमन उपरांत आगामी 7 अक्टूबर को पाटेश्वर धाम में श्रद्धांजलि सभा एवं शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन रखा गया है।

मां कौशिल्या धाम के संचालक संतश्री रामबालक दास महात्यागी ने बताया कि आगामी 7 अक्टूबर को आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं शरद पूर्णिमा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अलावा, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किरणसिंह देव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, उपमुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री बालोद जिला विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद दुर्ग विजय बघेल, सांसद कांकेर भोजराम नाग, सांसद राजनांदगांव संतोष पांडे, विधायक रायपुर पुरंदर मिश्रा, विधायक पंडरिया भावना बोहरा, विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चन्द्राकर, विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन सहित हजारों की संख्या में प्रदेश और प्रदेश के बाहर से भी भक्त पहुंचेंगे। सीएम के आगमन की तैयारी के लिए प्रशासन ने शुक्रवार को पाटेश्वरधाम में बैठक की। मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के आगामी 7 अक्टूबर को मां कौशिल्या धाम (बड़ा जुंगेरा-डौंडी लोहारा) में प्रस्तावित आगमन के लिए आवश्यक तैयारी और समन्वय हेतु अपराह्न 4.30 बजे आवश्यक मीटिंग मां कौशिल्या धाम बड़ा जुंगेरा में रखी गई है। बैठक में जिला प्रशासन से सीईओ जिला पंचायत, पुलिस विभाग से एडिशनल एसपी, एसडीओ फारेस्ट, ईई पीडब्ल्यूडी, ईई पीएमजीएसवाई, ईई ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, ईई लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ईई सिंचाई विभाग, अतिरिक्त संचालक हार्टिकल्चर, असिस्टेंट इंजीनियर क्रेडा, एसी ट्राइबल सभी उपस्थित रहे।





## मंत्री गजेंद्र यादव ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत दुर्ग से 179 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार की महत्वाकांक्षी योजना रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत आज दुर्ग जिले से रामभक्तों का एक बड़ा जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। दुर्ग रेलवे स्टेशन से 179 श्रद्धालुओं को आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से रवाना किया गया, जिनमें 135 श्रद्धालु ग्रामीण क्षेत्र से तथा 44 शहरी क्षेत्र से शामिल हैं।

इस अवसर पर प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार ने श्रद्धालुओं से भरी आस्था स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रद्धालुओं को स्टेशन पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान भोजन, आवास एवं अन्य सुविधाओं की संपूर्ण व्यवस्था प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। तीर्थयात्री 4 अक्टूबर की रात को अयोध्या दर्शन कर लौटेंगे।

श्रद्धालुओं ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हर वर्ग को इस योजना का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर जनपद पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, कलेक्टर अभिजीत सिंह, सीईओ जिला पंचायत बजरंग दुबे, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, हितेश पिस्दा एवं उत्तम ध्रुव, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक एपी गौतम, रेलवे एवं पर्यटन विभाग के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।




## पेज 9 के शेष

### संयुक्त पुलिस कर्मचारी ...

रणनीति के साथ भव्य कार्यक्रम करने की तैयारी में है, जिसमे पक्ष–विपक्ष, पुलिस विभाग के आला अधिकारी व पत्रकार भी मौजूद रहेंगे तथा उन सभी की उपस्थिति का व्यापक असर पुलिस की भलाई हेतु भविष्य में देखने को मिलेगा। संगठन के अध्यक्ष उज्जवल दीवान लगातार छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जा–जा कर खुद ही आमंत्रण पत्र बांटते नजर आ रहे हैं और यहां तक जानकारी मिली है कि शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को सम्मेलन में आने का न्योता सबसे पहले दिया गया है। उज्जवल दीवान ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के मंत्रियों, नेताओं, पुलिस विभाग के अधिकारियों सहित संयुक्त पुलिस परिवार के सदस्यों को महासम्मेलन के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है और यदि इसी प्रकार की स्थिति रही तो लगभग 30000 लोग कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे जिसमें बस्तर संभाग, बिलासपुर संभाग, रायपुर संभाग, सरगुजा संभाग, राजनांदगांव संभाग व दुर्ग संभाग से ज्यादा भीड़ आने की संभावना है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस परिवार को आपस मे मिलान है तथा कार्यक्रम का विषय– समाज मे पुलिस के अच्छे कार्य तथा भविष्य में पुलिस कर्मचारियों व उनके परिजनों के लिए शासन की क्या अच्छी योजनाएं हैं तथा संगठन क्या अच्छा कार्य पुलिस परिवार के लिए करेगा उस विषय को रखा गया है तथा कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों से किसी भी प्रकार का कोई मांग नहीं की जाएगी। यह कार्यक्रम सिर्फ आपसी मिलन व पुलिस परिवार की एकता को बनाए रखने के लिए किया जा रहा है।

### शराब बिक्री का विरोध ...

शराब बेचने से मना किया, तो कालू राम ने उनसे अभद्रता करते हुए कहा, /"तुम मना करने वाला कौन होता है।/" इस पर विवाद बढ़ गया और भोपेन्द्र अपने घर के पास दुकान के पास जाकर खड़े हो गए। कुछ ही देर बाद, कालू राम उर्फ राहुल, त्रिलोक गौतम, खिलेश गौतम और उनके अन्य साथी वहां पहुंचे। उन्होंने भोपेन्द्र को गालियां देनी शुरू कर दीं और सामूहिक रूप से उन पर हाथ-मुक्के से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

## खबर संक्षेप

### शव वाहन और बॉडी फ्रीजर समर्पित

**भिलाई।** स्वं.सरदार दलबीर सिंग (बीरा सिंग) की छठवीं पुण्य तिथि पर सर्व समाज सेवा के लिए शव वाहन और बॉडी फ्रीजर समर्पित किया जाएगा। एचटीसी संचालक इंद्रजीत सिंह छोटू परिवार की ओर से 3 अक्टूबर शुक्रवार दोपहर 3 बजे श्री बीरा सिंह मल्टीस्पेशालिटि अस्पताल फल मंडी पावर हाउस में कार्यक्रम आयोजित है।

### मारपीट गाली गलौज पर अपराध दर्ज

**भिलाई।** गाली गलौज कर मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि मीना बाई साहू झाड़ू पोछा का काम करती है। 1 अक्टूबर की सुबह अपने काम पर गई थी। घर पर बेटा टेकराज साहू अकेला था, टेकराज साहू पडोसी ओमन साहू उर्फ छोटू के साथ ऋषभ कालोनी पोटिया चौक आया। पीड़ित के छत पर शशिकला साहू और राजेश साहू चैली भाडा (बांस) को गडा कर दीवाल में प्लास्टर कर रहे थे। तब बेटे ने ईश्वर लाल साहू को फोन पर जानकारी दी। शशिकला साहू ,सुमीत साहू ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। शशि ने थप्पड और सुमीत साहू ने हाथ मे पहने चुडा (कडा) से मारपीट कर चोट पहुंचाया। घटना में बेटे पर चोट आई है।

### गुपचुप खिलाने वाले पर प्राणघातक हमला

**भिलाई।** दुर्ग कोतवाली थाना अंतर्गत गंजपारा चौक पर गुपचुप खिलाने के दौरान उपजे विवाद में दो अज्ञात युवकों ने गुपचुप खिलाने वाले पर ही प्राणघातक हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटना 1 अक्टूबर को रात करीब 10 बजे की है। गवलीपारा निवासी अनिल वर्मा (25वर्ष) ने गंजपारा दुर्गोत्सव समिति के पास गुपचुप का ठेला लगाया था। रात करीब 10 बजे वह दूसरों को गुपचुप खिला रहा था। तभी आरोपी वहां आए और पापड़ी मांगने लगे। अनिल ने उन्हें थोड़ा रुकने के लिए कहा। इसी बात पर आरोपी युवकों ने विवाद शुरू कर दिया। पास रखे धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में अनिल के सीने में चोट आई है। हादसे में बीच बचाव करने पहुंचे दामाद दीपक वर्मा पर भी चाकू से हमला किया गया। सीसीटीवी कैमरों की मदद से तलाश की जा रही है।

### 147 ग्राम अफीम के साथ पंजाब के दो लड़के सहित तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** भिलाई-तीन थाना अंतर्गत इंजीनियरिंग पार्क के पास मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक सफेद रंग की हुंडई कार से 147 ग्राम अफीम जब्त किया। बद्रीनाथ धर्मकांटा के पीछे वाली गली में यह कार खड़ी थी। कार में तीन लड़के अवैध रूप से मादक पदार्थ अफीम की बिक्री कर रहे थे। भिलाई तीन पुलिस और एसीसीयू की टीम ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। मौके से सीजी 07 सीवाई 6675 कार जब्त की। कार की तलाशी लेने पर तीन व्यक्ति बैठे हुए मिले। नाम पूछने पर आरोपियों ने अपना नाम लवप्रीत सिंह, हरदीप सिंह, बुध सिंह बताया। उक्त तीनों व्यक्तियों का तलाशी लेने पर लवप्रीत के पेन्ट के दाहिने जेब में लॉक वाली छोटी पालीथीन के अंदर 45.08 ग्राम कीमती मादक पदार्थ अफीम, एक नग समसंग मोबाईल फोन तथा अफीम बिक्री रकम 21,300 जब्त की गई।

**आयोजन : स्वच्छता अपनाएं व स्वच्छता की ओर एक कदम आगे बढ़ाएं: सिन्हा**

# नवचेतना फाउंडेशन ने स्वच्छता अभियान में महापुरुषों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर



गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम कलंगपुर में महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के जन्मदिवस पर नवचेतना फाउंडेशन क्लब कलंगपुर के तत्वावधान में बस स्टैंड में स्वच्छता अभियान चलाकर देश के महापुरुषों को नमन किया।

इस अवसर पर नवचेतना फाउंडेशन क्लब के अध्यक्ष विकास जैन एवं क्लब के संचालक गोविन्द सिन्हा ने क्लब गठन की उद्देश्य में प्रकाश डाला। ग्रामवासियों से आव्हान किया कि स्वच्छता ही सेवा है, हम सभी स्वच्छता पर ध्यान दें एवं खुले सार्वजनिक स्थलों पर अपशिष्ट गंदगी वस्तुओं को न फेकें। स्वच्छता अपनाएं व स्वच्छता की ओर एक कदम आगे बढ़ाएं। जिससे कि हमारे बच्चे–आने वाली पीढ़ी स्वच्छता के लिए प्रेरित हो। इसमें फाउंडेशन क्लब के उपाध्यक्ष लीलाधर सिन्हा, दुष्यंत कुमार साहू, सचिव प्रमोद सिन्हा, कोषाध्यक्ष केसराम साहू, सदस्य मिलन सिन्हा, सुमन कुल्हारे, लोकमान्य सिन्हा, रमेश कुल्हारे, राजेन्द्र जैन, डिलेश्वर साहू, प्रेमू साहू, धनीराम देवांगन, भुपेन्द्र सिन्हा, जोहन साहू, दिनेश सिन्हा, खोमेंद्र सिन्हा, युवराज देवांगन, एसकुमार साहू, यूगल कुल्हारे, देवानंद सिन्हा, मोहन चंद्रवंशी का प्रमुख योगदान रहा।

## गांधी जयंती पर हुआ रामधुनी का आयोजन



**जामगांव आर।** ग्राम बटरेल में गांधी जयंती मनाई गई। इस पावन अवसर पर रामधुनी का आयोजन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि नारद साहू थे। साथ ही लालेश्वर साहू, कमलेश साहू, गौतमचंद चौरडिया, बसंत साहू उपसरपंच, सूरज निर्मलकर, केजुराम मंचासीन रहे। जय शंकर रामधूनी पार्टी उमरपोटी बटेरल एवं श्री भक्ति सागर रामधुनी पार्टी मनौद बालोद ने जन मानस के बीच अपनी प्रतिभा का मनमोहन प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि नारद साहू ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में महापुरुषों ने प्राणों की बाजी लगाई और स्वतंत्रता दिलाई। प्रत्येक देशवासी को महापुरुषों के सपनों को साकार करने में प्राथमिकता के साथ कर्तव्य निर्वहन करना चाहिए। आजादी दिलाने वालों में 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में जन्मे मोहनदास करमचंद गांधी की महती भूमिका रही। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की अहिंसा वादी विचार हमे जीवन सुकून और शांति भाईचारा के साथ जीने के लिए प्रेरित करती है। अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में योगी साहू, कुमान साहू, उत्तम साहू, गुलसन साहू, रोशन निर्मलकर, दया साहू, अनेश्वर साहू, सलेन्द्र साहू, रिखी राम, कौसल सपहा, रूपराम, साहू, बिसवा राम, गगन, साहू, राजा, दिनेश देवागन, श्यामलाल, बीरेंद्र संडिल्य, हिरेन्द्र साहू, प्रकाश साहू अभिषेक सेन व कमलेश यादव का योगदान रहा।



## भाजपा मंडल ने सेवा पखवाड़े में की विभिन्न स्थानों की सफाई



**जामगांव आर।** भाजपा मंडल ने सेवा पखवाड़ा के तहत कौही मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया, जिसका समापन 2 अक्टूबर को निपानी में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर किया। सेवा पखवाड़ा में पौधारोपण, बटरेल बल्ड डोनेशन शिविर, सुरपा में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर, बेलहारी में पंडित दीनदयाल जयंती का आयोजन हुआ। सेवा पखवाड़ा को योजना बद्ध करने के लिए भाजपा जामगांव आर मंडल ने वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में बैठक लेकर सफलतम कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यकर्ताओं ने बैठकों में शामिल होकर नेताओं के मार्गदर्शन को अंगीकार किया और सेवा पखवाड़ा को जामगांव आर मंडल स्तर पर सफलतम बनाने में पूर्ण योगदान दिया। जिसमें भाजपा जिला मंत्री रोहित साहू, पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू, जिला उपाध्यक्ष हर्षा लोकमनी चंद्राकर, जिला मंत्री शैलेंद्री मंडावी, पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष मछुवारा प्रकोष्ठ नेतराम निषाद, सभापति जनपद पंचायत पाटन रवि सिन्हा, जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद जैन भाजयुमो अध्यक्ष नारद साहू, जिनेश जैन लुभम बंछोर, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष द्वय रूपसिंह सिन्हा भगवान सिंह चंद्राकर सहित सभी कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

# शताब्दी वर्ष पर स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ग्राम कनेरी में विजयदशमी एवं संघ का शताब्दी वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल का निधि द्वारा बाजार चौक की स्थल पर शस्त्र पूजा संघ शताब्दी वर्षा कार्यक्रम ग्राम की गलियों में पत्र संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सैनिकों द्वारा किया गया। संघ के स्वयंसेवकों द्वारा पथ चलन बाजार चौक से ढेंगहा चौक होते हुए ठेठवार चौक होते हुए पुनः कार्य स्थल बाजार चौक में पथ चलन वापस हुआ।

- संघ ने मनाई विजयादशमी और संघ शताब्दी वर्ष

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डेमन तरार कार्यवाह विभाग राजनांदगांव थे। अध्यक्षता पूर्व जिला प्रचार प्रमुख बालोद हीरालाल यादव ने किया। मुख्य अतिथि मुख्य शिक्षक वासुदेव नागेश्वर, प्रार्थना प्रमुख प्रणय कुमार यादव, जिला कार्यवाहक बालोद संतोष साहू, खंड कार्यवाह गुरुर मंडल सुपेत साहू, मंडल संयोजक मेहत्तर नेताम, व्यवस्था प्रमुख राजेश कुमार पटेलएवं जयप्रकाश साहू कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख सहयोग रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डेमन तरार ने बताया कि समाज की सहयोग से संघ शताब्दी यात्रा सुगम बने हैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य अभी सौ वर्ष पूर्ण हो रहा है इस 100 वर्ष की यात्रा में कई लोग सहयोगी और सहभागी रहे हैं। प्रारंभिक काल के वे युवा कार्यकर्ता एक योद्धा की तरह देश प्रेम से और ओत–प्रोत होकर संघ कार्य के लिए देशभर में निकल पड़े हैं विदेशों के 40 देश में संघ का कार्य एवं शाखाएं लगते हैं वर्तमान में एक लाख शाखाएं 15 करोड़ संघ का स्वयंसेवक 2 लाख सरस्वती शिशु मंदिर 5 लाख आचार्य एक करोड़ विद्याथएँ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की लगभग 40 संगठन है जो अपने–अपने कार्य क्षेत्र में लगे हुए हैं देश सेवा और राष्ट्र सेवा में संघ कार्य एवं स्वयंसेवकों को संभालने का दायित्व हमारी माताएं भगनियों ने बड़ी कुशलता से निभाया है यही सभी बातें संघ कार्य हेतु सर्वदा प्रेरणा श्रोत बन गई है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवक डॉक्टर रामनाथ नागेश्वर, गिरधारी छपेंद्र, देवमन पटेल, तेजल कुमार यादव, जनार्दन सिन्हा, पन्नालाल सिंन्हा, हिमांशु यादव, तामेश कुमार साहू, रेखराम पटेल, गेंद सिंन्हा, भागवत पटेल, संत कुमार साहू, दिलीप कुमार सिंन्हा, इंद्रसेन सिंन्हा, सौरभ सिंन्हा, आर्यन सेन, डोमेश्वर पटेल, टोकेश्वर सिंन्हा, भोला दास मानिकपुरी, हीरालाल साहू, आत्माराम पटेल सहित अधिक संख्या में संचालन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# वनांचल की बेटी राज्यस्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

विकासखंड के सुदूर वनांचल में स्थित ग्राम दुर्गीटोला की बेटी यामिनी पिता रमेश कुमार उइके कक्षा 12 वी कामर्स संकाय उच्च. माध्यमिक विद्यालय अरजपुरी में अध्यनरत है। संभाग स्तरीय कबड्डी खेल 1 अगस्त को सेजस हिन्दी माध्यम स्कूल मर्रा (पाटन) जिला दुर्ग में आयोजित था। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल कौशल के आधार पर 25 वी राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता महासमुंद के लिए चयनित हुई है। उक्त प्रतियोगिता 6 से 9 अक्टूबर तक आयोजित है।

गत वर्ष भी यामिनी उइके का चयन संभाग स्तरीय कबड्डी राजनांदगांव के लिए हुआ था। निरंतर अभ्यास का ही परिणाम है कि इस वर्ष यामिनी उइके ने राज्यस्तरीय खेल में अपना स्थान सुनिश्चित किया एवं अपने माता-पिता, ग्राम, विद्यालय व बालोद जिले को गौरवान्वित किया। प्राचार्य नंदलाल पिंकेश्वर ने चयनित छात्रा को शाला परिवार की ओर से शुभकामनाएं प्रदान की। शाला विकास समिति के अध्यक्ष विजय पटेल ने यामिनी उइके की सफलता का श्रेय संस्था के व्यायाम शिक्षक दिलीप कुमार रावत एवं समस्त शिक्षकों को दिया। आप नेता पंकज जैन ने कहा कि उच्च. माध्यमिक विद्यालय अरजपुरी में अध्यनरत छात्र छात्राओं का लगातार खेल के प्रति रुझान बढ़ते जा रहा है और प्रतिवर्ष विद्यालय के छात्र-छात्राएं पढ़ाई के साथ- साथ विभिन्न खेल गतिविधियों में हाकी, कबड्डी व एथलेटिक्स खेलों में राज्यस्तर तक पहुंच रहे है। व्यायाम शिक्षक दिलीप कुमार रावत से प्रेरित व प्रशिक्षित होकर बच्चे खेल के प्रति जागरूक हो रहे है और आगे बढ़ रहे हैं, हम चाहते हैं कि हमारे क्षेत्र के बच्चे खूब आगे बढ़े और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना स्थान बनाए,शाला प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक गण सहित चयनित छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बस्तर इलेवन कसावही ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर



विल्स स्टार क्रिकेट क्लब बडभूम द्वारा तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। इसमें 37 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रथम पुरस्कार बस्तर इलेवन कसावही(चारामा) को 18 हजार एवं ट्राफी, द्वितीय इलेवन क्रिकेट टीम बोहारडीह (डौण्डी) 9 हजार एवं ट्राफीएवं तृतीय स्थान इलेवन क्रिकेट टीम बुंदेली(भानबेडा) 4 हजार व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

- द्वितीय स्थान इलेवन क्रिकेट टीम बोहारडीह डौंडी ने हासिल किया

मैन आंफ द सीरीज श्रवण कोर्राम, मैन आंफ द मैच गौतम चक्रधारी, बेस्ट बेस्ट मैन श्रवण कुमार(बुंदेली), सेमी फाइनल मे हैट्रिक छक्का डीलेश्वर कोला (बोहारडीह), बेस्ट बालर हिमांशु कोला (बोहारडीह), बेस्ट पुरुष दर्शक जलसू राम कुंजाम, बेस्ट महिला दर्शक बेदो बाई उइके रही। सभी विजेताओं को पुरुस्कार वितरण विधायक संगीता सिन्हा ने की। विधायक ने कहा कि नवरात्रि पर्व होने के कारण सभी गांवों में कार्यक्रम चल रहा है, इसलिए ग्रामीण लगातार बुला रहे हैं। छोटे छोटे चीज के लिए फोन के माध्यम से जानकारी दे सकते हैं। विधायक ने आयोजन समिति को 5 हजार रुपये नगद प्रदान किए। जनपद सदस्य अजीत कुंजाम ने कहा कि कसावही एवं बोहारडीह के मध्यम काफी रोचक मुकाबला चल रहा था। यह खेल हार जीत का है। हारे हुए खिलाड़ियों को ज्यादा निराश नहीं होना चाहिए। बल्कि खेल मे सुधार करने की आवश्यकता है। संयुक्त महामंत्री सुमित राजा राजपूत ने कहा कि यह बडभूम गांव में युवाओं का संगठन काफी मजबूत है। इसीलिए तो बडा से बडा काम आसानी से सफल हो जाता है। महामंत्री शादिक अली, अंकुश दीवान, ग्रामीण अध्यक्ष साधूराम कुरैटी, सरपंच शीला यादव, पूर्व करारोपण अधिकारी नारायण कुरैटी अतिथि के रुप में उपस्थित थे। आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों स्वागत सम्मान किया गया। अतिथियों ने पहले बिरसा मुंडा का दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की।कार्यक्रम में रिमेंद्र कुंजाम, तरुण मंडावी, योगेंद्र कुंजाम, रामनारायण, शितेश्वर हिडको, दुष्यंत उइके, यशवंत मंडावी, तेजपाल उइके, शिवम कुरैटी, जैलसिंह उइके,उपसरपंच रामाधार कुंजाम, प्रमोद कुंजाम, संदीप यादव, लिकेन्द्र मंडावी, जीवन उइके, जोहर उइके, राजेश सोरी, वासु सोरी सहित समिति का सहयोग रहा।

# राष्ट्रपिता की याद में संगोष्ठी का आयोजन



**डौंडीलोहारा।** दो अक्टूबर गांधी जयंती के उपलक्ष्य में नगर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की रेडक्रॉस टीम ने संगोष्ठी तथा स्वच्छता कार्य किया, जिसमें रेडक्रॉस प्रबंधन समिति की सदस्य सुश्री ऐनुका शार्वा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए, उनके द्वारा आजादी के समय चलाए गए सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के महत्व को बताया। इसी क्रम में रेड क्रॉस प्रभारी सौरभ शर्मा ने देश के दूसरे प्रधानमंत्री रहे लाल बहादुर शास्त्री के कार्यकाल पर किए गए विशेष कार्यों की चर्चा की। शिक्षक तथा विज्ञान संकाय की छात्राओं श्वेता,संजना ,आयुषी, आकांक्षा, वासनी मानसी, ज्ञानिमा, गीतांजलि , थनेश्वरी, वासनी संगोष्ठियों में भाग लिया और बाबू की प्रतिमा पर पुष्प तिलक अर्पित किया। इस क्रम कक्षा 11वीं विज्ञान की छात्राओं वेनिका, यामिनी, विद्या, निधि, लालसा, सुनिधि, ने सभी क्यारियों की सफाई कर, पेड़ पौधों की सुरक्षा और विद्यालय की स्वच्छता का संदेश दिया। शाला प्रभारी एल के ठाकुर ने टेलीफोनिक शुभकामनाएं प्रेषित किया और सुश्री सार्वा द्वारा चलाएं जा रहे अतिरिक्त कक्षाओं में आने को कहा। उक्त कार्यक्रम में चतुर्थ वर्ग कर्मचारी मोहित, निधि यादव उपस्थित थे।

# नगर में भागवत कथा 7 से

**बालोद।** जिला मुख्यालय के मरारपारा निवासी अटल दुबे द्वारा अपने मां के पुण्य स्मृति में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा का आयोजन 7 से 14 अक्टूबर को राम अंजनी हाउस मरारपारा में दोपहर 2 से रखा गया हैं। इसमें कथा व्यास महामाया मंदिर रायपुर निवासी पं. मनोज शुक्ल कथा वाचक होंगे। अटल दुबे ने बताया की भागवत के प्रथम दिन 7 अक्टूबर को कलश यात्रा व वेदी की पूजन होगा, दूसरे दिन 8 अक्टूबर वारह अवतार, कपिल अवतार, धुरव चरित्र,जड़भारत कथा होगा। तीसरे दिन 9 अक्टूबर अजामिल कथा, प्रहलाद चरित्र, नरसिंह अवतार, गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन कथा होगा। चौथे दिन 10 अक्टूबर वामन अवतार, सूर्यवंश, चंद्रवंश का वर्णन, कृष्ण अवतार, जन्म महोत्सव कथा होगी। पांचवे दिन 11 अक्टूबर पूतना उद्धार, बाललीला, गोवर्धन पूजा, 56 भोग महोत्सव, सुंदरकांड कथा होगा। छठवें दिन 12 अक्टूबर महारास लीला, कंस वध, कृष्ण रूखमणी विवाह कथा होगा। सातवें दिन 13 अक्टूबर भगवान के अन्यान्य विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, चढ़ोत्तरी होगा। आठवें दीन 14 अक्टूबर गीता पाठ, तुलसी वर्षा, कपिल तर्पण, पूर्णाहुति के बाद नगर में शोभायात्र निकाली जाएगी। अटल दुबे ने बालोद शहर के लोगो को श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा में अधिक से अधिक सख्या में उपस्थित होने की अपील की गई हैं।

**आंबा केंद्र में स्वस्थ जीवन शैली एवं स्वस्थ खानपान पर हुआ**

# सेहत के लिए खान-पान में जागरूकता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा



सेक्टर अंजोरा परियोजना दुर्ग ग्रामीण के ग्राम पंचायत अंजोरा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 6 में परियोजना अधिकारी दुर्ग ग्रामीण ऊषा झा के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें परियोजना अधिकारी ऊषा झा द्वारा समस्त उपस्थित हितग्राहियों एवं पालकों को नियमित आंगनबाड़ी आने एवं हर माह बच्चों का वजन, ऊंचाई लेकर बच्चों के पोषण स्तर को जानने प्रेरित किया एवं हर माह आंगनबाड़ी से मिलने वाले अतिरिक्त पोषण आहार को केंद्र से ले जाने और हितग्राही को बराबर मात्रा में हितग्राही को ही स्वयं खाने की सलाह दी। अधिकारी द्वारा यह भी कहा गया कि नारी स्वस्थ रहेगी तब ही सशक्त परिवार का निर्माण होगा।अंजोरा परिक्षेत्र की पर्यवेक्षक गीताजंली भैंसारे द्वारा स्थानीय फल, सब्जी, अनाज के उपयोग एवं स्वस्थ जीवन शैली को अपनाते हुए मैगी चिप्स कुरकुरे इत्यादि के उपयोग को बंद कर घर में बनी चीजों को बच्चों को खिलाने हेतु प्रेरित किया गया। जिला पंचायत सदस्य सुश्री प्रिया साहू भोजन में सलाद को भी शामिल करने की सलाह दी। जनपद सदस्य संगीता साहू द्वारा बच्चों को मैगी, चाउमीन, मोमोज इत्यादि बिल्कुल भी नहीं देने की बात पालकों से की एवं बच्चों एवं गर्भवती धात्री को स्वयं ही रेडी टू ईट का सेवन करने हेतु प्रेरित की। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सुश्री प्रिया साहू द्वारा 20 बच्चों को पानी बॉटल का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी ऊषा झा, जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू, जनपद सदस्य संगीता साहू, सरपंच संतोष सारथी, उपसरपंच माखन साहू, वार्ड पंच खिलेश्वर, आंगनबाड़ी अंजोरा 6 की कार्यकर्ता राधा सारथी, सहायिका मंजुला लहरे, ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रत्येक व्यक्ति स्वदेशी वस्तुओं को अपनाये

**अंडा।** विकसित भारत 2047 भारत सरकार का विजन है, जिसका उद्देश्य 2047 यानी



स्वतंत्रता की 100 वर्ष पूरे होने तक देश को एक विकसित राष्ट्र बनाना यह समावेशी विकास, नवाचार स्थिरता और सुशासन पर केंद्रित है, जिसे समाज के हर वर्ग की समृद्धि सुनिश्चित होती है। हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेश स्वदेशी अपनाकर भारत आत्मनिर्भर आर्थिक रूप से सशक्त और मजबूत बन सकता है, जिस देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। यह विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम करने देश के गौरव आत्म स्वाभिमान को बढ़ावा और भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए हम सभी को मिलजुल के आगे आना होगा।

### ग्राम पटेल संघ की बैठक 4 अक्टूबर को

**डौण्डीलोहारा।** ग्राम पटेल संघ की तहसील स्तरीय बैठक 04 अक्टूबर दिन शनिवार को मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण डौण्डी लोहारा में रखा गया है। रेंगाडबरी जोन ग्राम पटेल संघ अध्यक्ष कुशल सिंह मंडावी ग्राम पटेल मरसकोला ने तहसील के समस्त पटेलों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

### भारतीय किसान संघ की बैठक कल

**बालोद/कलंगपुर।** भारतीय किसान संघ जिला बालोद की मासिक बैठक 5 अक्टूबर को गंगा मैया प्रांगण झलमला में रखी गई है। इसमें 13 अक्टूबर को मुख्यमंत्री निवास घेराव के लिए बूढ़ा तालाब रायपुर जाने बैठक में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। अध्यक्ष भारतीय किसान संघ बालोद सांवत राम साहू एवं मंत्री भारतीय किसान संघ बालोद चाणक्य यादव ने बैठक में सभी सदस्यों को शामिल होने की अपील की है।

### शरद पूर्णिमा 6 को लोककला महोत्सव

**बालोद/कलंगपुर।** शरद पूर्णिमा पर नवीन युवा मित्र समिति एवं समस्त ग्रामवासी अचौद के संयुक्त तत्वावधान में 6 अक्टूबर को लोककला महोत्सव का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद करेंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर करेंगे। लोककला महोत्सव का शुभारंभ सुबह 10 बजे से होगा। इसमें छत्तीसगढ़ स्तर के विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी, जिसमें मांदरी जय सेवा मांदरी आदिवासी नृत्य कोसाहरपुली कोंडागांव, जय मां सरस्वती रामधुनी परिवार दैहान बांधा बाजार राजनांदगांव, राजहंस मानस परिवार सोनसायटोला अम्बागढ़ चौकी, हास्य प्रहसन घेवर यादव एवं भोलाराम साहू ग्राम टेकापार बालोद, श्री विद्यादायिनी फाग झांकी परिवार धनडोंगरी डोंगरगढ़, सुर सुरभि पंडवानी मंडली ग्राम मडेली छुरा गरियाबंद, एवं रात्रि मे सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकरागिनी रिखी क्षत्रिय कृत मरौदा भिलाई की प्रस्तुति होगी।









# सरदार पटेल मैदान में 35 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- हनुमान की सेना ने किया रावण की सेना से मुकाबला

विजयादशमी पर जिला मुख्यालय में रावण दहन किया गया, जिसमें अखांड़ो की प्रस्तुति के बीच रामलीला का मंचन कर आतिशबाजी के साथ रावण पुतले का दहन किया गया। जिला मुख्यालय स्थित सरदार पटेल मैदान में कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा, जहां रावण दहन का कार्यक्रम देखने बड़ी संख्या में दर्शक



सरदार पटेल मैदान पहुंचे। भगवान राम के वेशभूषा में आए भगवान राम व लक्ष्मण, हनुमान व रामजी की सेना का भीड़त रावण व उसकी सेना से हुई, जहां छोटे छोटे बच्चे रामजी की सेना व रावण की सेना के रूप में वेशभूषा के साथ हाथों में गदा व तलवार लेकर एक दूसरे से भीड़ते दिखे, जहां कई बार की लड़ाइयों में रामजी की सेना विजयी हुई। जहां अंतिम लड़ाई के रूप में भगवान रामजी व लक्ष्मण द्वारा रावण व उनके भाई मेघनाथ को परास्त कर 35 फीट रावण के पुतले का दहन भगवान राम द्वारा तीर बाण चलाकर किया गया। इस दौरान अखाड़ा समूह द्वारा रावण दहन से पूर्व अखाड़ा कार्यालय से रैली निकालकर भगवान राम के रथ की अगुवाई करते हुए नगर में रथ के आगे आगे चलते हुए कई करतब दिखाते दिखे जिसे देख आम जनता में उत्साह उमड़ गया। जिसमे न सिर्फ युवक कर्तब दिखाते दिखे बल्कि युवतियों ने अखाड़ा से जुड़ी कई विशेष करतब पेश की जो देखते ही बनता था। रावण दहन के इस कार्यक्रम में रावण दहन के बीच आतिशबाजी भी आकर्षण का प्रमुख कारण रहा। जहां आसमानी चकाचौंध से भरे पटाखो को बच्चों से लेकर बुजुर्ग व महिलाएं देखने पहुंचे।

## विसर्जन : बैगाओं ने की पूजा अर्चना, डांग डोरी के साथ माता रानी की अगुवाई की

# भक्ति गीतों के साथ विसर्जन के लिए निकाली मां दुर्गा की प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नौ दिनों तक माता रानी की सेवा के बाद जिला मुख्यालय के समितियों द्वारा मातारानी के प्रतिमा का विसर्जन किया गया। जहां डीजे धुमान के भक्तिगीतों में भक्त नाचते गाते दिखे। जिला मुख्यालय की समितियों द्वारा माता की प्रतिमा विसर्जन के लिए सुबह से ही तैयारियां की जा रही थी जहां माता प्रतिमा को पूजा अर्चना करने के बाद नगर भ्रमण करने के लिए माता प्रतिमा को ट्रक में रखकर शोभायात्रा निकाली।

माता रानी की शोभा यात्रा निकलने के समय बैगाओं द्वारा पूजा अर्चना करने के बाद डांग डोरी व बाजे गाजे के साथ माता रानी की अगुवाई करते दिखे। माता रानी की शोभायात्रा में चल रहे सेवा गीतों को सुनकर कई महिला पुरुषों व डांग डोरी पकड़े लोगों को देवता आया, जिससे वे माता सेवा गीतो में झुपते नजर आए। जिसे स्थानीय बैगाओं द्वारा शांत कराया गया। वहीं शहर में निकले माता रानी की शोभायात्रा को नगर के गली मोहल्लों में मौजूद लोगों ने निकलकर आरती की थाली के साथ माता की पूजा अर्चना कर माता रानी से आर्शीवाद लेते दिखे। इस दौरान नगर के विभिन्न चौक चौराहों से निकले माता रानी की प्रतिमा को नगर के गंगासागर तालाब के जल में समाहित कर प्रवाहित किया गया।





### जयकारों और भक्ति भाव के बीच मां दुर्गा को दी विदाई

**दल्लीराजहरा।** नवरात्रि के समापन पर शहर में माता दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा भाव के साथ किया गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, डीजे की थाप और भक्ति गीतों की स्वर लहरियों से पूरा वातावरण मां दुर्गा के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। मां दुर्गा की विदाई के लिए नगर के विभिन्न पंडालों से विसर्जन यात्राएं निकाली गईं। सजीव झांकियों, ध्वज और पुष्प सजावट से सुसज्जित रथ पर विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा जब मार्ग पर निकली, तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर नृत्य व गीत-संगीत में मग्न हो उठे। जगह-जगह आरती, पुष्पवर्षा और नारियल अर्पण से भक्तों ने माता को विदाई दी। विदाई के इस क्षण ने जहां भक्तों की आंखों को नम किया, वहीं अगले वर्ष "आओ मां" की प्रतीक्षा का उत्साह भी जागृत हुआ। इस अवसर पर पूरे नगर में सांप्रदायिक सौहार्द्र और भाईचारे का अनोखा उदाहरण देखने को मिला। सभी वर्ग और समुदाय के लोग विसर्जन यात्रा में शामिल होकर उत्सव का हिस्सा बने। बच्चों ने पटाखों और रंग-बिरंगी आतिशबाजी से उत्सव को और भी आकर्षक बना दिया।





### अंडा क्षेत्र में मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा, चिंगरी, अछोटी, भरदा, कोनारी, चंदखुरी, कोलिहापुरी, भानपुरी,जंजगिरी, विनायकपुर, आमटी, आलबरस, निकुम, रूदा, खाडा, भोथली, तिरगा, झोला, अंजोरा, खपरी, सिलोदा, रसमडा, गनियारी, बोरई, खुरसुल सहित अन्य गावों में धार्मिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों सहित क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में प्रतिमा विसर्जन यात्रा का शुभारंभ ध्वज-पताका और ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ किया गया। शोभायात्रा में माता की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से सजाए गए रथ पर विराजमान किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा वर्ग माता के जयकारों के साथ चल रहे थे।पूरे मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा आरती एवं पुष्प अर्पित कर यात्रा का स्वागत किया गया। भक्तिमय माहौल से पूरा ग्राम धार्मिक रंग में रंग गया।



# आतिशबाजी के साथ हुआ रावण पुतले का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

विजयदशमी का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। जगह-जगह आतिशबाजी के साथ रावण पुतले का दहन किया गया। रावण के साथ-साथ बुराई के प्रतीक कुंभकरण और मेघनाथ का भी काफी पुतला जलाया गया जय श्री राम के नारे के साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश अब बुराइयों को खात्मे का संकल्प लिया गया।

रावण दहन के पूर्व रामलीला मंडली के कलाकारों द्वारा राम रावण के बीच संवाद और युद्ध का मंचन किया गया। श्री राम ने दशानन रावण की नाभि पर अग्निबाण चलकर रावण का वध किया इस मौके पर जमकर आतिशबाजी किया गया।

ग्राम सिरसिदा में दशहरा पर जमीन अथवा आसमान में नहीं बल्कि तालाब के बीचोबीच तैरते हुए रावण का दहन किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर, सरपंच सरस्वती इन्द्रजीत चंद्राकर, लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर सिरसिदा के समिति के अध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद देवांगन उपाध्यक्ष अक्षय चंद्राकर सचिव नेलशन देवांगन सदस्य खेमन, प्रहलाद, लवण,



रामगोपाल, चंद्र प्रकाश, ढालसिंह, टोमेन्द्र, डोगेन्द्र, बालगोविंद, तोरण गिरधर, प्रेमलाल, धर्मराज, खिल्लू, गुलाब, कोमेंद्र, रितेश, जितेश्वर, तानु देवेन्द्र , छन्नु धन्ना, गौरव, यशवंत, चंदन, आशीष, तुलेश्वर, रामकृष्ण, मिलन, दीपक, खिलेंद्र आत्मा साहू लक्ष्मण चंद्राकर आदि ने बताया कि कुछ अलग करने के जुनून में वर्ष 1994 में पहली बार तालाब के बीच रावण का पुतला खड़ा कर जलाया गया। शुरुआत के कुछ सालों को छोड़ कर हर बार 40 फीट का पुतला दहन किया गया। रावण पुतला दहन के पश्चात रात्रि कालीन 11 बजे छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रंग मया कोडेवा की प्रस्तुती दी गई।

# मां दुर्गा को नम आंखों से दी विदाई







**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह में नवरात्रि के समापन पर दुर्गा पंडालों में से मां दुर्गा की प्रतिमा को श्रद्धा भाव एवं नम आंखों से विदाई दी गई। जहां मां दुर्गा की 9 दिनों तक श्रद्धा भक्ति से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। गुरुवार को विजयदशमी पर दोपहर 12 बजे मां दुर्गा की प्रतिमा को ढोल बाजे माता सेवा भजन डांग डोरी एवं देवी देवताओं जोत जंवारा के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जहां पूरे गांव की गलियों में डांग डोरी देवी देवता नाचते झूमते शोभायात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालुओं द्वारा मां दुर्गा की जगह–जगह आरती उतारकर पूजा अर्चना की गई, जहां शाम 5 बजे मां दुर्गा की प्रतिमा को तालाब में विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को सुख शांति की कामना करते हुए नाम आंखों से विदाई दी गई।

# नारागांव में लगा रासेयो शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ

**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम नारागांव में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर क्वांर नवरात्रि की पंचमी के अवसर पर, माता सिया देवी मंदिर ट्रस्ट और ग्राम पंचायत के सहयोग से संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत, जिसकी अगुवाई सरपंच मंजुला सिंगरामें, उपसरपंच जगन्नाथ साहू और सचिव यशवंत नेताम ने की ने महाविद्यालय के प्रस्ताव को 27 सितंबर को स्वीकृति दी थी। शिविर के दौरान, मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित भोग भंडारा में रासेयो के



स्वयंसेवकों और प्राध्यापकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने भोजन प्रसाद वितरण और साफ-सफाई के कार्यों में विशेष सहयोग प्रदान किया। भंडारे के बाद, स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक धर्म मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसे मंदिर में उपस्थित दर्शनार्थियों ने उत्साहपूर्वक देखा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नारागांव पंचायत के पदाधिकारी, माता सिया देवी ट्रस्ट के प्रबंधक भरत लाल साहू, संस्कृति प्रभारी हेमलाल साहू, महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी मुरली कुमार सिन्हा, संचालक चंद्रमणि साहू और महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों तथा रासेयो के स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### तहसील साहू संघ का चुनाव आज

**डोंडी।** तहसील साहू संघ के तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए 4 अक्टूबर को नगर के सामुदायिक भवन में चुनाव होगा। इसमें अध्यक्ष पुरुष, उपाध्यक्ष, महिलाओं उपाध्यक्ष संगठन सचिन महिला सगठन सचिव पुरुष के लिए पदाधिकारी चुने जाएंगे, जिसमें डोंडी ब्लॉक में निवासरत प्रत्येक गांवों से ग्रामीण साहू समाज के पांच-पांच पदाधिकारी तथा आजीवन सदस्य चुनाव प्रक्रिया में सम्मिलित होंगे। जानकारी के अनुसार चुनाव की प्रक्रिया 11 से 12 बजे तक नामांकन तथा 12.10 पर जांच 12.20 बजे आगे की कार्रवाई की जाएगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## विजेता छात्रों को किया गया पुरस्कृत

# विश्व पर्यटन दिवस पर छात्रों की मॉडल प्रदर्शनी बनीं आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

शासकीय महाविद्यालय गुरुर में विश्व पर्यटन दिवस पर इतिहास विभाग द्वारा एक विशेष कार्यक्रम और मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई, जिसके बाद अतिथियों का सम्मान किया गया।

इसके केंद्र में इतिहास विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए आकर्षक मॉडल और चित्रकलाएं थीं। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों को दर्शाया गया, जिनमें बस्तर की कुटुमसर गुफा और दंतेश्वरी मंदिर रामगढ़ की सीता बेंगरा गुफा, सिरपुर का लक्ष्मण मंदिर, चित्रकूट और तीरथगढ़ जलप्रपात, डोलकल का गणेश और



बस्तर का मंड़ई। इसके अलावा, चित्रकला के माध्यम से छत्तीसगढ़ के राजकीय चिन्हों राजकीय पशु, पक्षी, वृक्ष, फूल, फल और प्रमुख व्यंजनों को भी प्रदर्शित किया गया। सोमिया रावटे ने चित्रकला का प्रदर्शन किया। अतिथि प्राचार्य प्रो. केएल. रावटे, मुख्य अतिथि डॉ. वायके. धुर्वे थे। विशेष अतिथियों में प्रो. एल. हिरवानी, प्रो. टी.एस. साहू, प्रो. आरके. सोरी, प्रो. प्रेमचंद साहू और प्रो.



योगेश साहू शामिल थे। मुख्य अतिथि डॉ. वायके. धुर्वे ने छात्रों के प्रयास को अनोखा बताया और कहा कि छत्तीसगढ़ का पर्यटन राज्य के आर्थिक और सामाजिक जीवन को मजबूती प्रदान करता है। प्रो. एल. हिरवानी ने छात्रों को गुरुर के आस-पास के पर्यटन स्थलों का सर्वे कर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने की प्रेरणा दी। प्राचार्य प्रो. केएल. रावटे ने कहा कि यह कार्य अन्य छात्रों को प्रेरित करेगा और पर्यटन स्थलों की जानकारी जुटाने में सहायक होगा। विजेताओं को किया गया पुरस्कृत अतिथियों ने मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन कर विजेताओं का चयन किया, जिसमें प्रथम तीरथगढ़ जलप्रपात सागर, जितेंद्र । द्वितीय कुटुमसर गुफा पूजा-मधु रागिनी। तृतीय संयुक्त रामगढ़ की नाट्यशाला रोहित, जिज्ञासा, सागर। तृतीय संयुक्त बस्तर का मंड़ई ओमेश्वरी, पार्वती, डोमेश्वरी, पायल, दुर्गा रहीं ।

